आरजीएचएस योजना पर कुठाराघात के खिलाफ कर्मचारियों का प्रदर्शन

बीकानेर, (कासं)। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ ने आरजीएचएस योजना को तहस नहस करने के सरकार के इरादों के खिलाफ प्रांतीय आव्हान पर मंगलवार 12 मई को जिला कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन करते हुए चिकित्सा मंत्री का पुतला दहन किया।

महासंघ के जिला अध्यक्ष पृथ्वीराज लेघा व जिला महामंत्री मनोज सुथार ने राज्य सरकार को चेतावनी दी है कि राज्य के कर्मचारी आरजीएचएस के साथ छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं करेंगे। महासंघ नेताओं ने कहा कि प्रदेश के कर्मचारियों के चिकित्सा अधिकारों के लिए वरदान रूपी आरजीएचएस योजना पर शासन एवं सरकार द्वारा निरंतर हमले किए जा रहे हैं।

कुछ भ्रष्ट निजी चिकित्सा संस्थानों के द्वारा की जा रही सरकारी धन की लूट पर अंकुश लगाने में विफल चिकित्सा विभाग कर्मचारियों को मिल रही चिकित्सा सुविधाओं में कटौती करने एवं इस योजना को इंश्योरेंस मोड पर देने को आमादा है। पिछले एक माह से हजारों कर्मचारी चिकित्सा सुविधाएं नहीं मिलने से प्रताड़ित हो रहे हैं तथा गंभीर बीमारियों से ग्रसित कर्मचारियों को मजबूरन नकद भुगतान कर इलाज

कर्मचारी संयुक्त महासंघ ने आरजीएचएस योजना पर कुठाराघात के खिलाफ कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर चिकित्सा मंत्री का पुतला फूंका।

करवाना पड़ा है। जिससे लगभग 200 करोड़ रूपए उनकी जेब से खर्च हो चुके हैं।

इन सब परिस्थितियों के दृष्टिगत ँउपए योजना की सुरक्षा तथा संवेदनहीन सरकार की निद्रा खोलने के लिए महासंघ के द्वारा प्रदेश व्यापी चरणबद्ध आंदोलन का ऐलान किया गया है। कर्मचारियों के चिकित्सा संबंधी हित एवं अधिकारों की सुरक्षा के लिए आंदोलन के महत्वपूर्ण चरण में 12 मई को प्रत्येक जिला मुख्यालय पर चिकित्सा मंत्री का पुतला दहन किया जायेगा। इसी क्रम में 15 से 25 मई तक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री का प्रत्येक राजकीय दौरे के दौरान महासंघ द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जायेगा। 28 मई को राजधानी जयपुर में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री का घेराव कर विशाल विरोध प्रदर्शन किया जायेगा। कर्मचारी संयुक्त महासंघ ने किया राज्यव्यापी

- **पिछले एक माह से हजारों कर्मचारी चिकित्सा सुविधाएं नहीं मिलने से गंभीर बीमारियों से ग्रसित कर्मचारियों को मजबूरन नकद भुगतान कर इलाज करवाना पड़ा है**
- **कर्मचारी संयुक्त महासंघ ने किया राज्यव्यापी आन्दोलन का ऐलान**

आन्दोलन का ऐलान किया है। प्रदर्शन में संजय पुरोहित, आनंद पारीक, हेतराम, भंवरलाल व्यास, यतीश वर्मा, रामचन्द्र, सुशीला बिश्नोई, बलवीर भादू, महेन्द्र सिंह पंवार,भंवर सांगवा, प्रहलाद राम, मनीष ठाकुर, गोपाल पारीक, युसूफ, अमित स्वामी, संदीप कुमार, राजेश टोक्स , दीपसिंह, हुकमाराम, राजकुमार सिंह जायस, जयपाल कूकणा, रविन्द्र बिश्नोई, बजरंग बिश्नोई, अंजलि व्यास, मोनिका आदि कर्मचारी नेता शामिल हुए।

14 मेडिकल स्टोर्स के लाईसेंस निलंबित

बीकानेर, (कासं)। जांच के दौरान विभिन्न अनियमितताएं पाये जाने पर 14 मेडिकल स्टोर्स के अनुज्ञा पत्र निलम्बित किए गए है।

अनुज्ञापन प्राधिकारी एवं सहायक औषधि नियंत्रक देवेंद्र कुमार केदावत ने बताया कि नापासर स्थित अशोक मेडिकल एंड जनरल स्टोर का अनुज्ञा पत्र 18 से 21 मई तक, सींथल स्थित स्वामी मेडिकल एंड जनरल स्टोर, हल्दीराम प्याऊ के पास सागर रोड स्थित श्री बालाजी हेल्थ केयर के अनुज्ञा पत्र 21 से 24 मई तक, जालवाली स्थित जे.डी. मेडिकल स्टोर, जयपुर रोड भारत पेट्रोल पंप के सामने स्थित फार्मा प्वाइंट के अनुज्ञापत्र 25 से 28 मई तक 4 दिनों के लिए, नापासर स्थित अन्नू मेडिकल एंड जनरल स्टोर का अनुज्ञा पत्र 18 से 22 मई तक 5 दिनों के लिए, खाजूवाला स्थित सी. आर. मेडिकल एंड जनरल स्टोर का अनुज्ञापत्र 18 से 24 मई तक 7 दिनों के लिए, सादुल कॉलोनी अम्बेडकर सर्किल के पास स्थित छाबड़ा मेडिकोज का अनुज्ञा पत्र 18 से 27 मई तक, उदासर स्थित श्याम मेडिकल एंड जनरल स्टोर, नत्थूसर गेट स्थित श्री मालसी मेडिकल एंड जनरल स्टोर के अनुज्ञा पत्र 21 से 30 मई तक, गंगाशहर स्थित विनायक मेडिकल स्टोर का अनुज्ञापत्र 25 मई से 6 जून तक तक के लिए निलंबित किया।

सार-समाचार

12 जुलाई को होगी प्री-पी.जी. परीक्षा

वेटरनरी विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर परिषद की बैठक को कुलगुरू डॉ. सुमंत व्यास ने संबोधित किया।

बीकानेर, (कासं)। वेटरनरी विश्वविद्यालय बीकानेर की स्नातकोत्तर परिषद की बैठक मंगलवार को कुलगुरू राजुवास, बीकानेर डॉ. सुमंत व्यास की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक को सम्बोधित करते हुए कुलगुरु डॉ. सुमंत व्यास ने कहा कि विश्वविद्यालय की कार्यशीलता छात्र हित के लिए सर्वोपरि है एवं पाठ्यक्रम की समयावधि में पूर्णता विश्वविद्यालय का प्रमुख दायित्व है। कुलगुरू डॉ. व्यास ने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को उच्च शिक्षण द्वारा कौशल केन्द्रीकरण हेतु अग्रसित है। अधिष्ठाता स्नातकोत्तर अध्ययन प्रो. राजेश कुमार धूड़िया ने विभिन्न एजेंडों की जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष पी.जी. एवं पी.एच.डी. पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय द्वारा 12 जुलाई, 2026 को प्री-पी.जी. परीक्षा (2025-26) आयोजित करवायी जायेगी। परिषद् के सदस्य पूर्व निदेशक, क्लीनिक, राजुवास, बीकानेर प्रो. टी.के. गहलोत ने पी.पी.टी. द्वारा विश्वविद्यालय में विभिन्न प्रकार के सर्टिफिकेट एवं पी.जी. डिप्लोमा प्रोग्राम शुरू करने हेतु सुझाव दिए। परिषद के सदस्य प्रो. बी.के. माथुर (सेवानिवृत प्रधान वैज्ञानिक, काजरी, जोधपुर) ने स्नातकोत्तर शिक्षण हेतु सुझाव दिए। बैठक के दौरान अधिष्ठाता वेटरनरी महाविद्यालय, बीकानेर प्रो. बी.एन. श्रृंगी, अधिष्ठाता वेटरनरी महाविद्यालय, उदयपुर प्रो. एस.के. शर्मा, अधिष्ठाता डेयरी महाविद्यालय, बीकानेर प्रो. राहुल सिंह पाल, निदेशक क्लीनिक प्रो. प्रवीण बिश्नोई, परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुनीता पारीक, परिषद के सदस्य डॉ. राजेश नेहरा, डॉ. दिनेश जैन, डॉ. अशोक कुमार एवं डॉ. जे.पी. कच्छावा उपस्थित थे।

संगठन मजबूत करने का आव्हान

भाजपा बीकानेर देहात जिला संगठनात्मक बैठक को डॉ. मिथिलेश गौतम ने संबोधित किया।

बीकानेर, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी बीकानेर देहात की जिला संगठनात्मक बैठक जिला अध्यक्ष श्याम पंचारिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक के मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ. मिथिलेश गौतम रहे। बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों एवं बूथ स्तर तक पार्टी गतिविधियों को प्रभावी बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। प्रदेश महामंत्री डॉ. मिथिलेश गौतम ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत हैं और प्रत्येक कार्यकर्ता को आमजन के बीच जाकर केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचानी चाहिए। उन्होंने संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आव्हान किया। जिला अध्यक्ष श्याम पंचारिया ने कहा कि भाजपा का संगठन कार्यकर्ताओं की मेहनत, समर्पण और अनुशासन से लगातार मजबूत हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने के लिए पूरी निष्ठा एवं ऊर्जा के साथ कार्य करें। उन्होंने आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने हेतु सभी से मिलकर कार्य करने का आव्हान किया। जिला मीडिया संयोजक मनीष सोनी ने बताया आज बैठक में प्रदेश प्रवक्ता भवानी पाईवाल, जिला महामंत्री दिलीप सिंह राजपुरोहित, तोलाराम कूंकणा, कैलाश बिश्नोई, जिला उपाध्यक्ष राजपाल सिंह, हेमनाथ जाखड़, जिला मंत्री मनमोहन सिंह सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

बालाजी से दूध से किया अभिषेक

बीकानेर, (कासं)। प्राचीन श्री केसरिया हनुमान मंदिर में चल रहे 82वें स्थापना महोत्सव के अंतर्गत आज विशेष धार्मिक अनुष्ठानों का भव्य आयोजन किया गया। मंदिर में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ श्री हनुमान जी महाराज का 21 औषधियों से पवित्र स्नान करवाया गया, जिसके बाद 5 किलो गाय के दूध से अभिषेक किया गया। इस दिव्य अनुष्ठान को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर परिसर में उपस्थित रहे। पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ सम्पन्न हुए। अभिषेक के पश्चात पंचामृत से बाबा का विशेष भोग लगाया गया तथा भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ श्री केसरिया हनुमान जी का गुणगान किया। आज के आयोजन में महिलाओं, पुरूषों एवं बच्चों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। मंदिर परिसर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने बाबा के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्यता एवं मंगल जीवन की कामना की। मंदिर के धार्मिक कार्यों को सफलतापूर्वक सम्पन्न करवाने में विद्वान पंडितों की विशेष भूमिका रही। सुरेश पुरोहित, अश्विनी जोशी, गौरीशंकर चूरा, विश्वनाथ पुरोहित एवं मनोज आचार्य द्वारा सभी धार्मिक अनुष्ठान से सम्पन्न करवाए गए।

मरम्मत का काम पूरा होने के बाद 45 दिन की नहरबंदी खत्म, पानी छोड़ा

बीकानेर, (कासं)। इंदिरा गांधी नहर की मरम्मत का काम पूरा होने के बाद आखिरकार 45 दिन की नहरबंदी समाप्त हो गई है। मरम्मत के काम में कुछ घंटे ज्यादा लगने के कारण सोमवार को पंजाब से करीब 12 घंटे की देरी से दोपहर 12 बजे 100 क्यूसेक पानी छोड़ा गया।

रात तक पानी की मात्रा बढ़ाकर 500 क्यूसेक कर दी गई। यह पानी करीब 6 दिन का सफर तय करके 17 से 18 मई के बीच बीकानेर पहुंचेगा। इससे पिछले एक महीने से रिजर्व स्टॉक (भंडारित पानी) के भरोसे चल रही शहर और गांवों की पेयजल व्यवस्था को बड़ी राहत मिलेगी।

27 मार्च से नहरबंदी शुरू हुई थी। ये आंशिक नहरबंदी थी और 12 अप्रैल तक 2000 क्यूसेक पानी पीने के लिए मिलता रहा लेकिन 12 अप्रैल से पूर्ण नहरबंदी शुरू हो गई। जिसमें पीने का पानी भी बंद हो गया। बीते 30 दिनों से इंदिरा गांधी नहर पर आश्रित शहर और गांव भंडार किए गए पानी से ही प्यास बुझा रहे हैं। बीती रात 12 बजे हरिके से पानी छोड़ा जाना चाहिए था मगर

- **सोमवार को पंजाब से दोपहर 12 बजे 100 क्यूसेक पानी छोड़ा गया**
- **यह पानी करीब 6 दिन का सफर तय करके 17 से 18 मई के बीच बीकानेर पहुंचेगा**

नहर में फिनिशिंग काम अधूरा होने के कारण करीब 12 घंटे बाद सोमवार की दोपहर 12 बजे 100 क्यूसेक पानी छोड़ा गया।

पंजाब से छोड़ा गया पानी करीब 50 से 60 घंटे का सफर तय कर 204 किलोमीटर दूर राजस्थान की सीमा मसीतावाली हैड पहुंचेगा। वहां से बीकानेर जिला सीमा (सतासर) की दूरी करीब 150 से 170 किलोमीटर है। कंवरसेन लिफ्ट नहर के बिरधवाल हैड (आरडी 620) से बीछवाल जलाशय के लिए पानी लिया जायेगा, जिसकी दूरी करीब 160 किलोमीटर है। यह नहर ऊंचाई पर होने के कारण यहां पानी पंप करके आगे बढ़ाया जाता है। नहर में एक महीने से जमा कचरे के कारण पानी पहुंचने में करीब 6 दिन का समय लगेगा।

बीछवाल जलाशय में सुबह तक 310 एमएलडी पानी का स्टॉक था। रोजाना 40 एमएलडी की खपत के हिसाब से यहां सिर्फ 7 दिन का पानी बचा है। यदि 17-18 मई तक पानी नहीं पहुंचता है, तो बीछवाल इलाके में पानी की कटौती बढ़ानी पड़ सकती है। इसके लिए कंवरसेन लिफ्ट के पंपिंग स्टेशनों को दुरूस्त रखना होगा। दूसरी ओर गजनेर लिफ्ट से जुड़ने वाले शोभासर जलाशय में 370 एमएलडी पानी है, जो 40 एमएलडी की दैनिक खपत के अनुसार 9 दिन तक चलेगा।

पंजाब सीमा में 116 किलोमीटर क्षेत्र में नहर की मरम्मत का जो काम 3 साल में पूरा होना था। उसे पूरा होने में 6 साल का वक्त लगा। अब तक पंजाब सरकार नहर को जर्जर बताकर राजस्थान को 11 हजार क्यूसेक से ज्यादा पानी नहीं दे रही थी।

खनन माफिया का पटवारी पर हमला

नोखा, (कासं)। नोखा उपखंड के पांचू क्षेत्र में हल्का पटवारी अनोपाराम नाई पर खनन माफिया ने हमला कर दिया। पटवारी उन्हें खनन करने से रोकने गए थे। घटना के विरोध में मंगलवार को राजस्थान राजस्व सेवा परिषद के सभी राजस्व कर्मचारी उपखंड कार्यालय पहुंचे।

उन्होंने एसडीएम गोपाल जांगिड़ को ज्ञापन सौंपकर मामले में शामिल तीनों आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और राजस्व कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। पटवार संघ के सदस्य भगवंत लोहार ने बताया कि यदि प्रशासन 48 घंटे के भीतर आरोपियों को गिरफ्तार नहीं करता है तो सभी राजस्व कर्मचारी कार्य बहिष्कार और धरना प्रदर्शन करेंगे। ज्ञापन सौंपने के बाद पटवारियों और गिरदावरों ने नायब तहसीलदार से मिलकर घटना की पूरी जानकारी दी। नोखा क्षेत्र में पटवारी के साथ मारपीट और राजकार्य में बाधा डालने के मामले में कार्रवाई न होने पर राजस्थान पटवार संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार निमिवाल ने भी एक वीडियो जारी कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

गर्मी की छुट्टियों में करना होगा क्रिएटिव होमवर्क

बीकानेर, (कासं)। जिला शिक्षा अधिकारी बीकानेर ने गर्मियों की छुट्टियों में स्कूली बच्चों के होमवर्क को क्रिएटिव बनाने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत जिले के सभी विद्यालयों में सीखे हर दिन स्कूल से घर तक अभियान चलाया जायेगा।

आदेश में कहा गया है कि अवकाश के दौरान विद्यार्थियों को ऐसा होमवर्क दिया जाए, जिसमें उन्हें स्टोरी लिखनी होगी या फिर अपनी हैंडराइटिंग सुधारने पर काम करना होगा। प्रत्येक विद्यार्थी के लिए न्यूनतम 120 पेज की नई कॉपी अनिवार्य है। कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों की कॉपी को औसतन 6 विषयों में विभाजित किया जायेगा। प्रत्येक विषय के लिए 12 से 20 पेज का गुणवत्तापूर्ण गृहकार्य। कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों के लिए थ्री-इन-वन कॉपी का उपयोग।

आदेश के अनुसार गृहकार्य केवल किताबी प्रश्नों तक सीमित नहीं रहेगा। इसमें हैंडराइटिंग सुधारने, चित्रकारी, कविता और कहानी लेखन, भाषा ज्ञान, खोज आधारित लेख, समसामयिक विषयों पर लेखन, महापुरूषों की जीवनी तथा स्थानीय कला-संस्कृति से जुड़ी

- **स्कूली बच्चों को स्टोरी लिखनी होगी, अपनी हैंडराइटिंग सुधारने पर करना होगा काम**

गतिविधियां शामिल की जायेगी। विद्यालयों को निर्देश दिए गए हैं कि अवकाश से पहले विद्यार्थियों को पुस्तकालय से पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएं। विद्यार्थी पढ़ी गई पुस्तकों का सारांश अपनी होमवर्क कॉपी में लिखेंगे। साथ ही परिवार के बुजुर्गों के साथ संवाद, लोक कथाएं और पारिवारिक इतिहास को लिखित रूप में संकलित करने के लिए भी प्रेरित किया जायेगा।

निर्देशों के अनुसार गृहकार्य 14 - 15 मई को अनिवार्य रूप से विद्यार्थियों को दिया जायेगा। विद्यालय प्रधानों को इसके क्रियान्वयन और अभिलेख संधारण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अवकाश के बाद होमवर्क की जांच कर उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित भी किया जायेगा।

तस्कर के अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

बीकानेर, (कासं)। शहर के भुट्टों के बास इलाके में पुलिस और बीकानेर विकास प्राधिकरण (बीडीए) की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए तस्कर मेहंदी हसन उर्फ महेन्द्र के अवैध निर्माण पर बुलडोजर चला दिया।

कार्रवाई एसपी मृदुल कच्छावा के निर्देशन में की गई। मौके पर सदर थाना प्रभारी सुरेंद्र पचार पुलिस जाब्ते के साथ मौजूद रहे। वहीं तहसीलदार महेन्द्र रत्नू और बीडीए अधिकारियों की मौजूदगी में ध्वस्तीकरण अभियान चलाया गया। पुलिस के अनुसार मेहंदी हसन उर्फ महेंद्र के खिलाफ कुल 7 मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें से 5 मामले एनडीपीएस एक्ट से जुड़े बताए जा रहे हैं।

प्रशासन का कहना है कि आरोपी द्वारा अवैध रूप से निर्माण किया गया था, जिस पर अब कार्रवाई की गई है। भुट्टों के बास इलाके में हुई इस कार्रवाई

- **मेहंदी हसन के खिलाफ कुल 7 मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें से 5 मामले एनडीपीएस एक्ट से जुड़े हैं**

के दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा। प्रशासन ने अवैध निर्माण को हटाने के लिए जेसीबी मशीनों की मदद ली। कार्रवाई के दौरान इलाके में लोगों की भीड़ जमा हो गई। बीकानेर पुलिस ने कई हिस्ट्रीशीटरों और तस्करों के खिलाफ अवैध कब्जों, गैरकानूनी कारोबार और आर्थिक नेटवर्क पर कार्रवाई तेज की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आने वाले दिनों में भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे।

अरूण चतुर्वेदी तीन दिवसीय बीकानेर यात्रा पर

बीकानेर, (कासं)। राज्य वित्त आयोग अध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी मंगलवार दोपहर तीन दिवसीय यात्रा पर बीकानेर पहुंचे।

सर्किट हाउस में चतुर्वेदी की संभागीय आयुक्त विश्राम मीणा, जिला कलेक्टर निशांत जैन, सुमन छाजेड़, अतिरिक्त संभागीय आयुक्त जसवंत सिंह, कोषाधिकारी धीरज जोशी, बीडीए उपायुक्त कुणाल राहड़, श्याम सिंह हाड़ला, दीपक पारीक, राजेन्द्र पंवार समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने अगवानी की।

एडीएम सिटी रमेश देव ने बताया कि प्राप्त कार्यक्रम के अनुसार चतुर्वेदी बुधवार को दोपहर ढाई बजे कलेक्ट्रेट सभागार में पंचायती राज संस्थाओं के अधिकारियों की और गुरूवार को सुबह 11.30 बजे शहरी स्थानीय निकायों के अधिकारियों की बैठक लेंगे।

250 मीटर भूमि के विवाद में अटका 800 मीटर लम्बा नाला

बीकानेर, (कासं)। मानसून की दस्तक में अब महज दो महीने का समय बचा है, लेकिन गंगाशहर क्षेत्र पर इस बार भी डूबने का खतरा मंडरा रहा है। लक्ष्मीनाथ घाटी से आने वाले बरसाती पानी समस्या है।

इसके पक्के समाधान के लिए आरयूआईडीपी नाले का निर्माण कर रहा है। यह कार्य पिछले 8 महीनों से सिर्फ 250 मीटर के एक टुकड़े पर आकर रूक गया है। यदि समय रहते यह गतिरोध दूर नहीं हुआ तो सुजानदेसर और ब्राह्मणों के मोहल्ले सहित गंगाशहर के निचले इलाकों में एक बार फिर भारी जलभराव होना तय है। लक्ष्मीनाथ घाटी और मंदिर क्षेत्र के ढलान से आने वाले भारी पानी को आबादी में घुसने से रोकने और सीधे एसटीपी तक पहुंचाने के लिए

- **कुछ स्थानीय निवासियों ने इस जमीन को अपनी मलकियत बताते हुए काम रूकवाया**
- **विभाग ने 550 मीटर नाले का निर्माण तो पूरा कर लिया**

आरयूआईडीपी ने 800 मीटर लम्बे नाले का प्रोजेक्ट शुरू किया था। विभाग ने 550 मीटर नाले का निर्माण तो पूरा कर लिया लेकिन शेष 250 मीटर का काम निजी भूमि के विवाद में उलझ गया है। कुछ स्थानीय निवासियों ने इस जमीन को अपनी मलकियत बताते हुए काम रूकवा दिया है। गौरतलब है कि इस मार्ग पर नगर विकास न्यास को भी बहुत पहले एक नाला बनाना था, लेकिन वह प्रोजेक्ट फाइलों से बाहर ही नहीं निकल पाया। अब आरयूआईडीपी का प्रोजेक्ट ही अंतिम उम्मीद था, जो जमीनी विवाद में फंसा हुआ है।

गंगाशहर का भूगोल ऐसा है कि लक्ष्मीनाथ मंदिर क्षेत्र का सारा पानी यहां के निचले हिस्सों में जमा हो जाता है। यदि यह 250 मीटर का लिंक पूरा नहीं हुआ तो लाखों की लागत से बना 550 मीटर का नाला भी बेकार साबित होगा। सुजानदेसर और ब्राह्मणों के मोहल्ले के लोग अब भी उसी डर में जी रहे हैं कि दो महीने बाद उनके घरों में फिर से गंदा और बरसाती पानी घुसेगा। मामला गंभीर होते देख जिला कलेक्टर ने इस पर संज्ञान लिया है।

पंच गौरव योजना में जिले से करीब साढ़े 10 करोड़ के प्रस्ताव भेजे

बीकानेर,(कासं)। जिला कलेक्टर निशांत जैन ने मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में पंच गौरव योजना की समीक्षा बैठक ली।

बैठक में जिला कलेक्टर को पंच गौरव योजना के जिला नोडल अधिकारी व आयोजना विभाग के संयुक्त निदेशक धर्मपाल खीचड़ ने बताया कि पंच गौरव योजना अंतर्गत वर्ष 2026-27 के लिए जिले से 10 करोड़ 55 लाख 45 हजार के विभिन्न प्रस्ताव भेजे गए हैं। जिला कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों को प्रस्तावों पर अग्रिम कार्यवाही जल्द करवाने हेतु व्यक्तिगत रूप से समन्वय करने के निर्देश दिए।

उद्यानिकी विभाग के सहायक निदेशक मुकेश गहलोत ने जिला कलेक्टर को बताया कि कृषि विभाग ने वर्ष 2026-27 के लिए सर्वाधिक 04

बीकानेर कलेक्टर निशांत जैन ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित पंच गौरव योजना की समीक्षा बैठक को संबोधित किया।

करोड़ के प्रस्ताव भेजे हैं। उनमें से 2 करोड़ 30 लाख की लागत से जिले में मोठ महोत्सव का आयोजन, जिला व ब्लॉक पर मोठ को लेकर कार्यशालाएं, वैज्ञानिक कृषक संवाद, प्रशिक्षण, प्रदर्शन इत्यादि के प्रस्ताव शामिल है। साथ ही मोठ प्रसंस्करण इकाई की स्थापना के प्रस्ताव भी इसमें शामिल हैं।

उद्योग विभाग महाप्रबंधक मंजू नैण गोदारा ने बताया कि एक जिला एक उत्पाद बीकानेरी नमकीन अंतर्गत उद्योग विभाग ने कुल 2 करोड़ 89 लाख 95 हजार रूपए के प्रस्ताव भेजे हैं। जिनमें से 2 करोड़ 71 लाख की लागत से ग्रामीण हाट बाजार परिसर की मरम्मत व नवीनीकरण का प्रस्ताव शामिल है। उपवन संरक्षक श्री जी. वैंकटेश ने बताया कि एक जिला एक वनस्पति प्रजाति रोहिड़ा अंतर्गत वन विभाग ने 1 करोड़ 50 लाख के प्रस्ताव भिजवाए हैं। जिनमें से 1 करोड़ 18 लाख की लागत से जिले में रोहिड़ा वाटिका, रोहिड़ा नर्सरी का विकास के साथ साथ इंटरप्रिटेशन सेंटर निर्माण का प्रस्ताव शामिल है। जिला खेल अधिकारी सुरेन्द्र हर्ष ने बताया कि खेल विभाग ने 98 लाख 50 हजार के प्रस्ताव भिजवाए हैं। जिनमें से 50 लाख की लागत से तीरंदाजी खेल मैदान का विकास व 35 लाख की लागत से तीरंदाजी से जुड़े खेल उपकरणों की खरीद के प्रस्ताव शामिल है।

जनगणना कार्य से मुक्त करने के लिए ज्ञापन सौंपा

बीकानेर, (कासं)। राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ की नवनियुक्त जिला कार्यकारिणी ने जिला परिषद सीईओ शैलजा पांडे से मुलाकात की।

पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया और ग्रामीण विकास व अधिकारियों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र की पंचायत समितियों में कार्यरत दो ग्राम विकास अधिकारियों को जनगणना कार्य से विमुक्त करने की मांग की। पदाधिकारियों ने बताया कि पंचायत स्तर पर विकास कार्यों के सुचारू संचालन के लिए अधिकारियों की नियमित उपस्थिति आवश्यक है।

प्रतिनिधिमंडल ने एसीईओ दिलीप कुमार और प्रियंका तलानिया से भी मुलाकात कर संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की। सीईओ शैलजा पांडे ने समस्याओं पर कार्रवाई का भरोसा दिलाया। मुलाकात के दौरान जिलाध्यक्ष रामनिवास भादू, जिला मंत्री रामनिवास सारण मौजूद थे।

SBI Life
अपने लिए, अपनों के लिए.
सूचना
एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एसबीआई लाइफ) एतद्द्वारा व्यावसायिक भवन, लीज आधार पर भूस्वामियों से निम्न व्यापक संभावनाओं की पूर्ति हेतु प्रस्ताव निविदाएं आमंत्रित करता है।
1. भवन सभी ऋण भार से स्वतंत्र एवं तुरंत कब्जे हेतु उपलब्ध होना चाहिए।
2. भवन कामर्शियल इलेक्ट्रिक कनेक्शन की व्यवस्था सहित व्यावसायिक भवन होना चाहिए एवं अग्निशमक एनओसी, व्यवसायिक सर्टिफिकेट, भवन का बीमा जिसमें समुचित और बाधा रहित बिजली एवं जल वितरण, साइनेज का स्थान, पार्किंग एवं आधुनिक फायर फाईटिंग सिस्टम, कारों की पर्याप्त पार्किंग इत्यादि की सुविधा होनी चाहिए।
3. परिसर श्रीगंगानगर के प्रमुख क्षेत्र के मुख्य मार्ग पर होना चाहिए।
4. भवन का कारपेट एरिया लगभग 2891 वर्गफिट होना चाहिए।
इच्छुक निविदाकर्ता निविदा का प्रारूप को हमारी वेबसाइट www.sbilife.co.in (https://www.sbilife.co.in/en/services/download-centre- RFP forms) से प्रारूप डाउनलोड कर सकते हैं। पूर्ण रूप से भरा हुआ फार्म तकनीकी निविदा एवं प्राइस बिड अलग-अलग सील बंद लिफाफो में "दी रीजनल डायरेक्टर, जयपुर, एस.बी.आई. लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, द्वितीय तल, एआरजी कॉर्पोरेट पार्क, प्लॉट नंबर 8 एवं 9, गोपालबाडी, जयपुर, राजस्थान - पिन - 302001", फोन : 0141-4256600 दिनांक 27.05.2026 तक या पहले पहुँच जाने चाहिए।
एसबीआई लाइफ के पास किसी भी आवेदन को बिना कारण बताए स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार सुरक्षित है।
दिनांक:- 13.05.2026 स्थान- जयपुर
उक्त प्रदर्शित किया गया ट्रेड लोगों भारतीय स्टेट बैंक से संबंधित है तथा लाइसेंस के अंतर्गत एसबीआई लाइफ द्वाराउपयोग किया जा रहा है। एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड पंजीकृत एवं कारपोरेट कार्यालय: नटराज, एमवी रोड और वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे जंक्शन, अंधेरी (पूर्व), मुंबई - 400069 आईआरडीएआई पंजीकरण सं. 111, सीआईएन: L99999MH2000PLC129113 वेबसाइट: www.sbilife.co.in ई-मेल: info@sbilife.co.in टॉल फ्री नं.: 1800 267 9090 (ग्राहक सेवा समय : 24X7)

SBI Life
अपने लिए, अपनों के लिए.
सूचना
एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एसबीआई लाइफ) एतद्द्वारा व्यावसायिक भवन, लीज आधार पर भूस्वामियों से निम्न व्यापक संभावनाओं की पूर्ति हेतु प्रस्ताव निविदाएं आमंत्रित करता है।
1. भवन सभी ऋण भार से स्वतंत्र एवं तुरंत कब्जे हेतु उपलब्ध होना चाहिए।
2. भवन कामर्शियल इलेक्ट्रिक कनेक्शन की व्यवस्था सहित व्यावसायिक भवन होना चाहिए एवं अग्निशमक एनओसी, व्यवसायिक सर्टिफिकेट, भवन का बीमा जिसमें समुचित और बाधा रहित बिजली एवं जल वितरण, साइनेज का स्थान, पार्किंग एवं आधुनिक फायर फाईटिंग सिस्टम, कारों की पर्याप्त पार्किंग इत्यादि की सुविधा होनी चाहिए।
3. परिसर सूरतगढ़ के प्रमुख क्षेत्र के मुख्य मार्ग पर होना चाहिए।
4. भवन का कारपेट एरिया लगभग 2109 वर्गफिट होना चाहिए।
इच्छुक निविदाकर्ता निविदा का प्रारूप को हमारी वेबसाइट www.sbilife.co.in (https://www.sbilife.co.in/en/services/download-centre- RFP forms) से प्रारूप डाउनलोड कर सकते हैं। पूर्ण रूप से भरा हुआ फार्म तकनीकी निविदा एवं प्राइस बिड अलग-अलग सील बंद लिफाफो में "दी रीजनल डायरेक्टर, जयपुर, एस.बी.आई. लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, द्वितीय तल, एआरजी कॉर्पोरेट पार्क, प्लॉट नंबर 8 एवं 9, गोपालबाडी, जयपुर, राजस्थान - पिन - 302001", फोन : 0141-4256600 दिनांक 27.05.2026 तक या पहले पहुँच जाने चाहिए।
एसबीआई लाइफ के पास किसी भी आवेदन को बिना कारण बताए स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार सुरक्षित है।
दिनांक:- 13.05.2026 स्थान- जयपुर
उक्त प्रदर्शित किया गया ट्रेड लोगों भारतीय स्टेट बैंक से संबंधित है तथा लाइसेंस के अंतर्गत एसबीआई लाइफ द्वाराउपयोग किया जा रहा है। एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड पंजीकृत एवं कारपोरेट कार्यालय: नटराज, एमवी रोड और वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे जंक्शन, अंधेरी (पूर्व), मुंबई - 400069 आईआरडीएआई पंजीकरण सं. 111, सीआईएन: L99999MH2000PLC129113 वेबसाइट: www.sbilife.co.in ई-मेल: info@sbilife.co.in टॉल फ्री नं.: 1800 267 9090 (ग्राहक सेवा समय : 24X7)